प्रथमः पाठः

अस्माकं राष्ट्रियप्रतीकानि

[सभी राष्ट्र किन्हीं विशेष वस्तुओं को अपने राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्वीकार करते हैं जिनमें राष्ट्र का गौरव और उसकी चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट प्रतिभासित होती हैं। हमारे राष्ट्र ने भी कुछ प्रतीक-चिह्न स्वीकार किये हैं, जिनके द्वारा हमारी भारतीय संस्कृति के चारित्रिक गुण व्यंजित होते हैं। भारत ने जो राष्ट्रीय प्रतीक निर्धारित किये हैं, वे इस प्रकार हैं–

मयूर– *पक्षियों में मोर हमारा राष्ट्रीय प्रतीक है। आकाश के काले बादलों को देखकर अपने सुन्दर पंखों को फैलाकर मोर जब नृत्य करते हैं तो वह दृश्य मन तथा आँख दोनों को आनन्दित करता है। यह मधुर स्वरवाला मयूर विष से भरे हुए साँपों को खाता है। इसी प्रकार की हमारी भारतीय संस्कृति भी है, जहाँ सभी के साथ मधुर वाणी में मधुर व्यवहार किया जाता है। परन्तु देश की अखण्डता और एकता को नष्ट करनेवाले अत्याचारियों और देशद्रोहियों को उसी प्रकार नष्ट कर दिया जाता है, जैसे मयूर विषधरों को खाकर नष्ट कर देता है।*

व्याघ्र– *पशुओं में व्याघ्र को राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्वीकार किया गया है। चितकबरे व्याघ्र का पराक्रम और स्फूर्ति प्रसिद्ध है। अत्यधिक तेज दौड़नेवाले ये व्याघ्र दूर से ही पास आनेवाले संकट को पहचान लेते हैं और अपने बचाव के लिए प्रयत्नशील हो जाते हैं।*

कमल– *सरसिज, पद्म, पंकज आदि नामों से जाना जानेवाला कमल का पुष्प हमारा राष्ट्रीय प्रतीक है। उसकी कोमलता, मनोहरता, विकासशीलता और पवित्रता आदि गुणों का कवियों ने बहुतायत से वर्णन किया है। शरद् ऋतु में ये मनोहर पुष्प तालाबों में अनायास खिल उठते हैं और सूर्य की रोशनी में पूर्णरूप से विकास को प्राप्त करते हैं। कीचड़ में उत्पन्न होने पर भी इनका इतना मनोहर होना राष्ट्र के लिए यह सन्देश है कि किसी भी कुल में जन्म लेनेवाला व्यक्ति अवसर प्राप्त होने पर आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।*

राष्ट्रगान– *सभी स्वतन्त्र राष्ट्रों का अपना एक गान होता है जिसे राष्ट्रगान कहा जाता है। सभी राष्ट्र अपने राष्ट्रगान का सम्मान करते हैं और महत्त्वपूर्ण अवसरों पर उसे गाते हैं। हमारा राष्ट्रगान विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा गया है जो 'जन-गण-मन' इस नाम से विश्व में प्रसिद्ध है। हमारे राष्ट्रगान में विश्वकवि ने राष्ट्र की विशालता, अखण्डता और भारतीय संस्कृति का गौरवपूर्ण वर्णन किया है। सभाओं की समाप्ति पर और विद्यालयों में प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाने की प्रथा है। राष्ट्रगान के समय सावधान की मुद्रा में खड़े होना आवश्यक है। इसका आरोह, अवरोह एवं उसके गाने में लगनेवाला समय सुनिश्चित है जिसमें परिवर्तन नहीं किया जा सकता। राष्ट्रगान श्रद्धा से गाया जाना चाहिए।*

राष्ट्रध्वज– *सभी राष्ट्रीय प्रतीकों में राष्ट्रध्वज का सर्वाधिक महत्त्व होता है। सभी स्वतन्त्र राष्ट्रों का अपना राष्ट्रध्वज होता है। राष्ट्रध्वज का सम्मान और उसकी रक्षा देशवासी अपने प्राणों को न्योछावर करके भी करते हैं। हमारा राष्ट्रध्वज तीन रंगों का है और विश्व में तिरंगे के नाम से प्रसिद्ध है। ध्वज के सबसे नीचे का हरा रंग सुख, समृद्धि और विकास का द्योतक है। बीच में श्वेत रंग ज्ञान, सौहार्द और शान्ति का प्रतीक है। सबसे ऊपर का केसरिया रंग त्याग और शौर्य का प्रतीक है। ध्वज के मध्य श्वेत वर्ण के बीच में अशोक का चक्र धर्म, सत्य और अहिंसा का प्रतीक है। चक्र में चौबीस तीलियाँ हैं जो चक्र के मध्य भाग में एक स्थान पर जुड़ी हुई हैं। ये प्रतीक हैं भारत और उसकी राष्ट्रीय एकता की, जहाँ अनेक भाषा, धर्म, जाति और वर्ण के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। सूर्य के अस्त होने पर ध्वज उतारकर सुरक्षित रख दिया जाता है। राष्ट्रीय शोक के अवसर पर ध्वज आधा झुका रहता है।*

ये राष्ट्रीय प्रतीक हमारी स्वतन्त्रता के प्रतीक हैं। सभी देशवासियों को इनका आदर करना चाहिए और प्राण न्योछावर करके भी इनकी रक्षा करनी चाहिए।]

सर्वेषु राष्ट्रेषु राष्ट्रियवैशिष्ट्ययुक्तानि वस्तूनि प्रतीकरूपेण स्वीक्रियन्ते तत्रत्यैः जनैः। तेषु प्रतीकेषु तद्राष्ट्रस्य गौरवं चारित्र्यं गुणाश्च प्रतिभासन्ते। तान्येव राष्ट्रियप्रतीकानि निगद्यन्ते।

अस्माकं राष्ट्रे भारतेऽपि कतिपयानि प्रतीकानि स्वीकृतानि सन्ति। तान्यस्माकं चारित्र्यं संस्कृतिं महत्त्वं च व्यञ्जयन्ति। पक्षिषु कतमः पशुषु कतमः पुष्पेषु कतमम् वाऽस्माकं राष्ट्रियमहिम्नः प्रातिनिध्यं विदधातीति विचार्यैव प्रतीकानि निर्धारितानि सन्ति।

मयूरः—पक्षिषु मयूरः राष्ट्रियपक्षिरूपेण स्वीकृतोऽस्ति। मयूरोऽतीव मनोहरः पक्षी वर्तते। चन्द्रकवलयसंवलितानि चित्रितानि तस्य पिच्छानि मनांसि हरन्ति। यदा गगनं श्यामलैर्मेघैराच्छन्नं भवति तदा मयूरो नृत्यति। तस्य तदानीन्तनं नर्त्तनं नयनसुखकरमपि च चेतश्चमत्कारकं भवति। मधुमधुरस्वरोऽपि मयूरो विषधरान् भुङ्क्ते। इदमेवास्माकं राष्ट्रियचारित्र्यं विद्यते। सर्वैः सह मधुरं वाच्यं, मधुरं व्यवहर्तितव्यं मधुरमाचरितव्यं किन्तु ये राष्ट्रद्रोहिणोऽत्याचारपरायणाः राष्ट्रियाखण्डतायाः राष्ट्रियैक्यस्य वा विघातकाः विषमुखाः सर्पतुल्याः मयूरेणैव राष्ट्रेण व्यापादयितव्याः।

व्याघ्रः—पशुषु व्याघ्रः भारतस्य राष्ट्रियप्रतीकम्। व्याघ्रेषु चित्रव्याघ्रः बहुवैशिष्ट्यविशिष्टो विद्यते। को न जानाति चित्रव्याघ्रस्यौजः पराक्रमं स्फूर्तिञ्च? एतज्जातीयाः व्याघ्राः अस्मद्देशस्य वनेषूपलभ्यन्ते। एतेषां शरीरे स्थूल कृष्णरेखाः भवन्ति। व्याघ्रोऽसावतीव तीव्रधावकः सततसावहितः संकटं विदूरादेव जिघ्रन् तदपनेतुं सचेष्टः स्वलक्ष्यमवाप्तुं कृतिरतः स्वसीम्नि एव पर्यटन् वन्यो जन्तुर्विश्रुतो जगति।

कमलम्— कमलं सरसिजं पद्मं पङ्कजं शतदलमित्यादिनामभिः प्रथितं पुष्पमस्माकं राष्ट्रियप्रतीकत्वेन स्वीकृतं राष्ट्रियपुष्पस्य यशो विधते। तस्य कोमलत्वं मनोहरत्वं विकासशीलत्वं पवित्रत्वञ्चाभिलक्ष्यैव कविभिः तस्य बहुशः वर्णनं कृतम्। न कश्चिन्महाकविः संस्कृतभाषायां हिन्दीभाषायां वा विद्यते येनैतस्य पुष्पस्य माहात्म्यं न गीतम्। देवानां स्तुतिप्रसङ्गे दिव्यकरचरणादीनामङ्गानां मानवहृदयस्य चोपमानीकृतं सत्सांस्कृतिकं महत्त्वं विभर्ति पुष्पमिदम्।

शरदृतौ मनोहरं पुष्पमिदं यत्र तत्र जलसंकुलेषु तडागेषु सरस्सु चानायासेनोत्पद्यते वर्धते रविकरनिकरसंसर्गात् प्रस्फुटति। पङ्के जायते पङ्कजं जलसंयोगं शरत्कालञ्चावाप्य वर्धते शोभते च तथैव कस्मिंश्चित् कुले जातः जनः सौविध्यमुपयुक्तावसरञ्च लब्ध्वा वर्धितुं क्षमत इति तत्पुष्पस्य राष्ट्रकृते सन्देशः।

राष्ट्रगानम्—सर्वेषां स्वतन्त्रदेशानां स्वकीयमेकं गानं भवति तदैव राष्ट्रगानसंज्ञयाऽवबुध्यते। प्रत्येकं राष्ट्रं स्वराष्ट्रगानस्य सम्मानं करोति। महत्स्ववसरेषु तद्गानं गीयते। यदि कश्चिदन्यराष्ट्राध्यक्षोऽस्माकं देशमागच्छति तदा तस्य सम्मानाय तस्य राष्ट्रगानमस्मद्राष्ट्रगानं च वादकैः वाद्येते। महतीनां सभानां समापने तस्य गानमावश्यकम्। विद्यालयेषु प्रार्थनानन्तरं प्रतिदिनं राष्ट्रगानं गीयते।

अस्माकं राष्ट्रगानं विश्वकविना कवीन्द्रेण रवीन्द्रेण रचितं, 'जनगणमन' इति संज्ञया विश्वस्मिन् विश्वे विश्रुतं वर्तते। अस्माकं राष्ट्रगाने भारताङ्गभूतानामनेकप्रान्तानां विन्ध्यहिमालयपर्वतयोः गङ्गायमुनाप्रभृतिनदीनाञ्चोल्लेखं कृत्वा देशस्य विशालत्वं राष्ट्रस्याखण्डत्वं संस्कृतेः गौरवञ्च विश्वकविना वर्णितम्।

राष्ट्रगानमिदं द्वापञ्चाशत्पलात्मकं भवति। तस्य गाने द्वापञ्चाशत्पलात्मकः समयोऽपेक्ष्यते। न ततोऽधिको न वा ततो न्यूनः। तस्यारोहावरोहावपि निश्चितौ। तत्र विपर्ययः कर्तुं न शक्यते। राष्ट्रगानं सदोत्थितैः जनैः सावधानमुद्रया गेयम्। राष्ट्रगानावसरेऽङ्गसञ्चालनं निषिद्धम्। चलतोऽपि कस्यचित्कर्णकुहरे गीयमानस्य राष्ट्रगानस्य ध्वनिः दूरादप्यापतति चेत्तदा तत्रैव सावधानमुद्रया तेनाविचलं स्थातव्यम्। राष्ट्रगानं श्रद्धास्पदं भवति। श्रद्धयैवेदं गेयम्।

राष्ट्रध्वजः— सर्वेषु राष्ट्रप्रतीकेषु राष्ट्रध्वजस्य सर्वाधिकं महत्त्वं वर्तते। सर्वस्य स्वतन्त्रराष्ट्रस्य स्वकीयो ध्वजो भवति। तद्देशवासिनो जनाः नराः नार्यश्च स्वराष्ट्रध्वजस्य सम्मानं प्राणपणेन रक्षन्ति।

त्रिवर्णात्मको मध्येऽशोकचक्राङ्कितोऽस्माकं राष्ट्रध्वजः 'तिरङ्गा' शब्देन विश्वे विश्रुतो विद्यते। ध्वजस्याधोभागः हरितवर्णात्मकः सुखसमृद्धिविकासानां सूचकः, मध्यभागे श्वेतवर्णः ज्ञान-सौहार्द-सदाशयादिसद्गुणानां द्योतकः, ऊर्ध्वभागे च स्थितः गैरिक वर्णः त्यागस्य शौर्यस्य च बोधकः। ध्वजस्य मध्यभागस्थितश्वेतवर्णमध्येऽवस्थितमशोकचक्रं धर्मस्य सत्यस्याहिंसायाश्च प्रत्यायकम्। चक्रे चतुःविंशतिशलाकाः पृथगपि चक्रमूले एकत्र सम्बद्धाः भारते भाषाधर्मजातिवर्णलिङ्गभेदेषु सत्स्वपि भारतमेकं राष्ट्रमिति द्योतयन्ति।

राष्ट्रध्वजो निर्धारितदीर्घविस्तारपरिमितो भवितव्यम्। एषः सदा स्वच्छोऽविकृतवर्णः तिष्ठेत्। जीर्णः शीर्णो विदीर्णो वा ध्वजो नोपयोगयोग्यः। समुच्छ्रियमाणः ध्वजोऽस्तंगते सूर्ये समवतार्य सुरक्षितः संरक्षितव्यः। राष्ट्रियशोकावसरेध्वजोऽर्धमुच्छ्रीयते।

इत्येतानि राष्ट्रियप्रतीकान्यस्माकं स्वातन्त्र्यस्य प्रत्यायकानि समादृतव्यानि तु सन्त्येव प्राणपणैः रक्षितव्यानि च।

काठिन्य निवारण

प्रतीकानि = चिह्न। **सर्वेषु** = सभी। **राष्ट्रेषु** = देशों में। **राष्ट्रियवैशिष्ट्ययुक्तानि** = राष्ट्रीय विशेषताओं से युक्त। **प्रतीकरूपेण** = प्रतीक (चिह्न) के रूप में। **प्रतिभासन्ते** = प्रकाशित होते हैं। **निगद्यन्ते** = कहे जाते हैं। **व्यञ्जयन्ति** = व्यक्त करते हैं। **कतिपयानि** = कुछ। **कतमः** = कौन-सा। **तत्रत्यैः** = वहाँ के। **प्रातिनिध्यं** = प्रतिनिधित्व करना। **विदधाति** = करता है। **अतीव** = बहुत। **चित्रितानि** = चित्रित। **पिच्छानि** = पूँछ के पंख। **आच्छन्नं** = घेरे हुए। **तदानीन्तनं** = उस समय का। **विषधरान्** = साँपों को। **भुङ्क्ते** = खा जाते हैं। **वाच्य** = व्यवहार तथा वाणी। **विघातकाः** = नष्ट करनेवाले। **व्यापादयितव्याः** = मारने योग्य हैं। **चित्रव्याघ्रः** = चितकबरा शेर। **ओजः** = स्फूर्ति (शक्ति)। **तीव्रधावकः** = तेज दौड़नेवाला। **सततसावहितः** = निरन्तर सावधान। **तदपनेतुं** = उससे बचने में, उसे दूर करने के लिए। **प्रथितं** = प्रसिद्ध। **विभर्ति** = धारण करता है। **रविकरनिकरसंसर्गात्** = सूर्य की किरणों के सम्पर्क से। **प्रस्फुटति** = विकसित होता है। **पङ्के** = कीचड़। **जलसंकुलेषु** = जल से भरे हुए। **सौविध्यम्** = सुविधा। **अवबुध्यते** = समझा जाता है। **महत्सु** = बड़े। **समापने** = समाप्त होने पर। **विश्रुत** = प्रसिद्ध। **द्वापञ्चाशत्पलात्मकः** = बावन पल (बावन सेकेण्ड)। **अपेक्ष्यते** = आवश्यक है। **विपर्ययः** = विपरीत। **सदोत्थितैः** = सदैव खड़े होकर ही। **निषिद्धं** = मना है। **त्रिवर्णात्मकः** = तिरंगा। **अधोभागः** = नीचे का भाग। **ऊर्ध्व** = ऊपर का। **प्रत्यायकम्** = ज्ञान करानेवाला। **समुच्छ्रियमाणः** = ऊपर फहराता हुआ। **अनायासेन** = बिना प्रयास के। **समवतार्य** = ठीक से उतार कर। **अर्धमुच्छ्रीयते** = आधा झुका हुआ।

अभ्यास-प्रश्न

१. निम्नलिखित अवतरणों का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए–
   (क) पक्षिषु मयूरः ..... भवति।
   (ख) व्याघ्रेषु ..... जन्तुर्विश्रुतो जगति।
   (ग) अस्माकं राष्ट्रगानं ..... वर्णितम्।
   (घ) राष्ट्रध्वजो .....अर्धमुच्छ्रीयते।
२. 'अस्माकं राष्ट्रियप्रतीकानि' पाठ का सारांश लिखिए।
३. राष्ट्रीय प्रतीक किस भाव के प्रतीक हैं?
४. राष्ट्रीय प्रतीकों में किसका सर्वाधिक महत्त्व है?
५. राष्ट्रीय प्रतीक कैसे होने चाहिए?
६. राष्ट्रध्वज के चक्र में कितनी शलाकाएँ हैं?
७. राष्ट्रीय पुष्प का नाम क्या है?
८. हमारे राष्ट्रगान की रचना किसने की थी?
९. राष्ट्रध्वज में रंगों का क्रम क्या होता है?
१०. मयूर को 'राष्ट्रीय पक्षी' का पद उसकी किस विशेषता के कारण दिया गया?
११. कमल को 'राष्ट्रीय पुष्प' का गौरव किस कारण मिला?

➨ आन्तरिक मूल्यांकन

पाठ में दिये गये राष्ट्रीय प्रतीकों की एक सूची बनाइये और चित्र चिपकायें।

●●●

द्वितीयः पाठः

आदिकविः वाल्मीकिः

[संस्कृत साहित्य के आदिकवि वाल्मीकि हैं, यह सभी विद्वान् स्वीकार करते हैं। वाल्मीकि ने भगवान् राम के आदर्श चरित को काव्यबद्ध किया है। स्कन्द पुराण और अध्यात्म रामायण के अनुसार यह अग्निशर्मा नाम के ब्राह्मण थे। पूर्वजन्मों के पाप के कारण लूटपाट ही इनकी जीविका का साधन था। मार्ग में पथिकों के धन को लूटने में यदि उनके प्राण भी लेने पड़ें तो यह हिचकते नहीं थे। एक बार उस मार्ग से एक मुनि जा रहे थे। इन्होंने उनसे जब धन की माँग की तो मुनि ने कहा कि मेरे पास तो कुछ भी नहीं है। फिर मुनि ने इनसे पूछा कि यह लूटपाट पाप है। क्या तुम्हारे परिवार के लोग इसमें तुम्हारा साथ देंगे? इन्होंने कहा यह पाप है, मैं भी जानता हूँ; लेकिन इसी धन से मैं अपने परिवार का पालन-पोषण करता हूँ। यह मुनि को वहीं पेड़ से बाँधकर अपने घर जाते हैं। इनके प्रश्न पर परिवार के लोग इन पर बहुत क्रुद्ध हुए और बोले–'हमने आपको यह पाप करने को नहीं कहा। हम क्या जानें आप क्या करते हैं और कहाँ से धन लाते हैं। हम आपके इस पाप में क्यों सहभागी बनें।' परिवार के लोगों का उत्तर सुनकर यह अत्यन्त दु:खी और आश्चर्यचकित होकर मुनि के पास लौट आये। मुनि ने इनका मन शान्त करने के लिए इन्हें 'राम नाम' जपने को कहा। परन्तु वृत्ति के अनुसार यह 'मरा' जपते हुए तपस्या करने लगे। इस प्रकार समाधि में लीन होकर बहुत वर्षों तक तपस्या करते रहे। तपस्या में लीन इनके शरीर पर दीमकों ने जगह बना ली। इनका पूरा शरीर मिट्टी से ढक गया। तब वरुण की अनवरत जलधारा से मिट्टी बह गयी और इनका शरीर प्रकट हो गया। मुनियों के अनुरोध पर इन्होंने अपनी आँखें खोलीं। दीमकों की मिट्टी के ढेर से निकलने के कारण 'वाल्मीकि' और प्रचेता के द्वारा जल-धारा से मिट्टी हटाकर बाहर निकाले जाने के कारण 'प्राचेतस' इन दो नामों से प्रसिद्ध हुए।

किसी समय वाल्मीकि ने ब्रह्मर्षि नारद से भगवान् राम का लोक-कल्याणकारी चरित्र सुना और तभी से उसे काव्यबद्ध करने की इच्छा ने इनके हृदय में जन्म लिया। एक बार महर्षि वाल्मीकि तमसा नदी के तट पर भ्रमण कर रहे थे। वहीं पर क्रौञ्च पक्षी का एक जोड़ा स्वच्छन्द विचरण कर रहा था कि एक व्याध ने नर क्रौञ्च को बाण से घायल कर दिया। रक्त में लिपटे हुए क्रौञ्च के सामने बैठी क्रौञ्ची का विलाप सुनकर वाल्मीकि का शोक काव्य के रूप में इनके मुख से निकला। इस तरह अपनी पीड़ा के व्यक्त करने पर वाल्मीकि आश्चर्यचकित हो गये। उसी समय ब्रह्मा ने आकर कहा कि ''अब आप विचार न करें। सरस्वती माँ का आपकी वाणी में निवास है। आपने नारद मुनि से जो रामकथा सुनी है, उसे काव्य रूप में वर्णित करें। मेरी कृपा से आप सम्पूर्ण रामचरित से अवगत हो जायँगे। जब तक पृथ्वी पर पर्वत एवं समुद्र स्थित रहेंगे, तब तक यह रामकथा प्रचलित रहेगी।'' तब योगशक्ति के द्वारा सम्पूर्ण रामचरित को जानकर वाल्मीकि ने गङ्गा व तमसा के मध्य तट पर बैठकर सात काण्ड वाली 'रामायण' महाकाव्य की रचना की। इस प्रकार महामुनि ब्रह्मर्षि वाल्मीकि आदिकवि के नाम से संसार में विख्यात हुए।]

संस्कृतवाङ्मयस्यादिकविः महामुनिः वाल्मीकिरिति सर्वैः विद्वद्भिः स्वीक्रियते। महामुनिना रम्यारामायणी-कथा स्वरचिते काव्यग्रन्थे निबद्धा। भगवतो रामस्य चरितमस्माकं देशस्य संस्कृतेश्च प्राणभूतं तिष्ठति। वस्तुतस्तु, महामुनेः वाल्मीकेरेवैतन्माहात्म्यमस्ति यत्तेन रामस्य लोककल्याणकारकं रम्यमादर्शभूतं रूपं जनानां समक्षमुपस्थापितम्। वयं च तेन रामं ज्ञातुं क्षमा अभूम।

स्कन्दपुराणाध्यात्मरामायणयोरनुसारात् अयं ब्राह्मणजातीयः अग्निशर्माभिधश्चासीत्। पूर्वजन्मनः विपाकात्

परधनलुण्ठनमेवास्य कर्माभूत्। वनान्तरे पथिकानां धनलुण्ठनमेव तस्य जीविकासाधनमासीत्। लुण्ठनव्यापारे संशयश्चेत् प्राणघातेऽपि स संकोचं नाऽकरोत्। इत्थं हिंसाकर्मणि लिप्तः एकदा वनपथे पथिकमाकुलतया प्रतीक्षमाणोऽसौ मुनिवरमेकमागच्छन्तमपश्यत्, दृष्ट्वा च हर्षेण प्रफुल्लो जातः। समीपमागते मुनिवरे रक्ते अक्षिणी भ्रामयन् भीमेन रवेण तमवोचत् यत्किञ्चित्तवास्ति तत्सर्वं मह्यं देहि नो चेत्तव प्राणसंशयो भविष्यति। मुनिना प्रत्युक्तं, लुण्ठक! मत्पाश्वें तु किञ्चिदपि नास्ति, परं त्वां पृच्छामि किं करोषि लुण्ठितेन धनेन? इदं पापकर्म किमिति न जानासि? जानामि, तथापि करोमि। लुण्ठितेन धनेन परिवारजनस्य पोषणरूपं महत्कार्यं करोमीति तेनोक्तम्। मुनिः पुनरपृच्छत्– पापकर्मणार्जितेन वित्तेन पोषितास्तव परिवारसदस्याः किं तव पापकर्मण्यपि सहभागिनः स्युरिति। सोऽवोचत् वक्तुं न शक्नोमि परं तान् पृष्ट्वा वदिष्यामि। त्वं तावदत्रैव विरम यावदहं तान् संपृच्छ्यागच्छामि। इत्युक्त्वा तं मुनिवरं रज्जुभिः दृढं बद्ध्वा स्वकुटुम्बिनः प्रष्टुं जगाम।

अथ तस्य कुटुम्बिनः तस्य प्रश्नं श्रुत्वा भृशं चुकुपुरूचुश्च 'कथं वयं तव पापकर्मणि सहभागिनो भवेम? वयं किं जानीमहे त्वं किं करोषि कया वा रीत्या धनार्जनं विदधासि? नास्माभिः त्वं पापकर्म कर्तुमादिष्टः।'

तेषां स्वपरिवारजनानामुत्तरमाकर्ण्य सोऽतीव विषण्णोऽभवत्। द्रुतं मुनिवरमुपगम्य सर्वं च तत्परिवारजनाख्यातमसावभाषत। परं निर्विण्णं तं मुनिः तस्य हृदयशोकशमनाय 'राम' इति जप्तुमुपादिशत्। 'राम' इति समुच्चारणेऽक्षमः स्ववृत्त्यनुसारं 'मरा' इत्येव जप्तुमारभत। इत्थमसौ बहुवर्षाणि यावत् समाधौ लीनः तीव्रं तपश्चचार। तपसि रतस्य तस्य शरीरं वल्मीकमृत्तिकाभिः आवृत्तं जातम्। अथ कदाचित् प्रचेतसा निरन्तरजलधारया तस्य शरीरात् वल्मीकमृत्तिकाः परिस्राविता अभवन्। मृत्तिकाभिः तिरोहितं तस्य शरीरं पुनः प्रकटितम्। ततो मुनिभिः स संस्तुतोऽभ्यर्थितश्च चक्षुषी उन्मील्योदतिष्ठत्। वल्मीकात् प्रोद्भूतत्वाद् वाल्मीकिरिति, प्रचेतसा जलधारया मृत्तिकायाः परिस्रुतत्वाद् प्राचेतस इति तस्य नामद्वयं जातम्। रामायणे मुनिना स्वपितुः नाम प्रचेताः तस्य दशमः पुत्रोऽहमित्थमुल्लिलेख। यथा च—

''प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन'' **(उत्तरकाण्ड)**

अथ कदाचित् स ब्रह्मर्षेः नारदात् भगवतो रामस्य लोककल्याणकरं वृत्तं शुश्राव। तदाप्रभृत्येव रामचरितं काव्यबद्धं कर्तुमाकाङ्क्षते स्म। अथैकदा महर्षिः माध्यन्दिनसवनाय प्रयागमण्डलान्तर्गतां तमसानदीं गच्छन्नासीत्। तत्र वनश्रियं निरीक्षमाणो महामुनिः स्वच्छन्दं विचरन्तं क्रौञ्चमिथुनमेकमपश्यत्। पश्यत एव तस्य कश्चित् पापनिश्चयो व्याधः तस्मान्मिथुनादेकं बाणेनः विजघान। बाणेन विद्धं महीतले लुण्ठन्तं शोणितपरीताङ्गं तं विलोक्य क्रौञ्ची करुणया गिरा रुराव। क्रौञ्च्याः करुणारवं श्रावं श्रावं मुनिहृदयालीनः शोकानलपरिद्रुतः करुणरसः श्लोकच्छलाद् हृदयादेवं निर्गतोऽभवत्–

''मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ।।''

श्लोकोऽयमाम्नायादन्यत्र छन्दसां नूतनोऽवतार आसीत्। एवं ब्रुवतस्तस्य हृदि महती चिन्ता बभूव– अहो! शकुनिशोकपीडितेन मया किमिदं व्याहृतम्। अत्रान्तरे वेदमूर्तिश्चतुर्मुखो भगवान् ब्रह्मा महामुनिमुपगम्य सस्मितमुवाच– महामुने, आपन्नानुकम्पनं हि महतां सहजो धर्मः। श्लोकं ब्रुवता त्वया त्वेष एव धर्मः पालितः। तन्नात्र विचारणा कार्या। सरस्वती मच्छन्दादेव त्वयि प्रवृत्ता। साम्प्रतं यथा नारदाच्छ्रुतं तथा त्वं श्रीमद्भगवतो रामचन्द्रस्य कृत्स्नं चरितं वर्णय। मत्प्रसादात् निखिलं च रामचरितं तव विदितं भविष्यति। किं बहुना, यावन्महीतले गिरिसरित्समुद्राः स्थास्यन्ति तावल्लोके रामायणकथा प्रचलिष्यतीत्यादिश्य भगवानब्जयोनिरन्तर्हितोऽभवत्। ततो योगबलेन नारदोक्तं समग्रं रामचरितमधिगम्य गङ्गातमसयोरन्तराले तटे; सप्तकाण्डात्मकं रामायणाख्यमादिमहाकाव्यं रचयामास, तदनन्तरं मुनेः विश्रमार्थं द्वौ अपराश्रमौ अभूताम्। एकश्चित्रकूटे अपरश्च कानपुरमण्डलान्तर्गत ब्रह्मावर्त्तान्तः, आधुनिके बिठूरनाम्नि स्थाने आसीत् अत्रैव लवकुशयोः जनुरभूत्। एवमादिकविर्यशसा ख्यातोऽभवल्लोके महामुनिः ब्रह्मर्षिः।

काठिन्य निवारण

वाङ्मयस्य = साहित्य के। **आदिकविः** = प्रथम कवि। **लोककल्याणकारकं** = संसार के लिए कल्याणकारी। **निबद्धा** = लिखा है। **प्राणभूतं** = जीवनाधार। **क्षमा** = समर्थ। **विपाकात्** फलस्वरूप। **लुण्ठनं** = लूटना। **प्राणघातेऽपि** = प्राण ले लेने में भी। **पथिकमाकुलतया** = पथिक की व्याकुलता से। **प्रतीक्षमाणोऽपि** = प्रतीक्षा करते हुए भी। **भीमेन रवेण** = भयंकर आवाज से। **विरम** = ठहरो। **प्रष्टुम्** = पूछने के लिए। **भृशं** = बहुत। **चुकुपुः** = क्रोधित हुए। **ऊचुः** = बोले। **विषण्णः** = दुःखी। **द्रुतं** = शीघ्र। **परं** = अत्यन्त। **निर्विण्णं** = खिन्न (दुःखी)। **शमनाय** = शान्त करने के लिए। **वृत्त्युनुसारम्** = जीविका के अनुसार। **इत्थम्** = इस प्रकार। **वल्मीक मृत्तिकाभिः** = दीमक की मिट्टी से। **आवृत्तं** = ढक गया। **प्रचेतसा** = वरुण। **परिस्राविता** = बहा दी गयी। **तिरोहितं** = छिपा हुआ। **अभ्यर्थितः** = प्रार्थना की गयी। **प्रोद्भूतत्वाद्** = उत्पन्न होने के कारण। **जातम्** = हुए। **विजघान** = मार डाला। **मिथुन** = जोड़ा। **शाश्वतीःसमाः** = बहुत वर्षों तक। **प्रतिष्ठां** = कीर्ति को। **आम्नायादन्यत्र** = वेद से भिन्न। **व्याहृतम्** = कह दिया। **जनुः** = जन्म। **शुश्राव** = सुना। **तदाप्रभृति** = तब से लेकर। **आकाङ्क्षते स्म** = इच्छा करते थे। **श्लोकच्छलाद्** = श्लोक के बहाने। **ब्रुवतः** = बोलते हुए। **साम्प्रतं** = इस समय। **भवलोके** = संसार में।

अभ्यास-प्रश्न

१. निम्नलिखित अवतरणों का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए–
   (क) संस्कृतवाङ्मयस्यादिकविः ..... क्षमा अभूम।
   (ख) स्कन्दपुराणाध्यात्म ..... प्रफुल्लो जातः।
   (ग) अथैकदा महर्षिः ..... काममोहितम्।
   (घ) सरस्वती मच्छन्दादेव .....जनुरभूत्।
२. 'आदिकविः वाल्मीकिः' पाठ का सारांश लिखिए।
३. आदिकवि के नाम से कौन प्रसिद्ध है?
४. वाल्मीकि किस नदी के तट पर भ्रमण कर रहे थे?
५. वाल्मीकि का प्रारम्भिक नाम क्या था?
६. प्राचेतस किसका नाम था?
७. रामायण के रचयिता कौन थे?
८. व्याध ने किस पक्षी को मारा था?
९. वाल्मीकि को आदिकवि क्यों कहा जाता है?
१०. वाल्मीकि का प्रारम्भिक जीवन कैसा था? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।
११. कवि के मुख से 'मा निषाद प्रतिष्ठां.....' श्लोक कब और क्यों निकल पड़ा था?
१२. वाल्मीकि-कृत रामकथा का वास्तविक नाम क्या है?

➨ आन्तरिक मूल्यांकन

वाल्मीकि जी के समकक्ष आप संस्कृत के किन विद्वानों को मानते हैं? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

●●●

तृतीयः पाठः

बन्धुत्वस्य सन्देष्टा रविदासः

[कहा जाता है कि परमोपासक रामानन्द के बारह शिष्यों में रविदास नाम के एक शिष्य थे, जो संसार में 'रैदास' के नाम से प्रसिद्ध हुए। इनका जन्म वाराणसी के मडुवाडीह ग्राम में विक्रम संवत् १४७१ में माघमास की पूर्णिमा के दिन हुआ था। रविवार के दिन जन्म होने के कारण इन्हें रविदास नाम दिया गया। पन्द्रहवीं शताब्दी में भारतीय जीवन अत्यन्त कष्टपूर्ण व कठिनता से भरा हुआ था। मुस्लिम शासकों के आक्रमण और मिथ्या कलह से भारतीय राजागण दुःख और दीनता से ग्रसित थे। सभी ओर से उपेक्षित भारतीय जनता, विभिन्न धर्मानुयायियों में प्रचलित विद्वेष, जाति और वर्ण के भेद से विभक्त भारतीय समाज की दुर्दशा को देखकर दुःखित हृदयवाले सन्त व महात्मा ईश्वर की शरण को ही एकमात्र उपाय मान रहे थे। वे लोग ईश्वर के प्रति समर्पण, परमात्मा की सर्वशक्तिमत्ता और व्यापकता का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। ऐसे समय में सन्त रविदास ने धर्म के बाह्य आचरण को ही परस्पर वैर का कारण बताते हुए भाईचारे का सन्देश दिया। उन्होंने तन की शुद्धि की अपेक्षा मन की शुद्धि को आवश्यक माना। उनका कहना था कि यदि मन पवित्र हो तो सामने काठ की थाली में रखा साधारण जल भी गंगा जल के समान होता है। सन्त रविदास ने पाठशाला में शिक्षा प्राप्त नहीं की थी तथापि गुरु की कृपा से संसार की नश्वरता और परमात्मा की अनश्वरता व व्यापकता का ज्ञान प्राप्त किया। गुरु की प्रेरणा से यही सन्देश जन-जन को दिया। उनका विश्वास था कि फल की इच्छा किये बिना अपने कर्म को करते हुए घर में भी परमात्मा से साक्षात्कार किया जा सकता है। तपस्या के लिए गहन वन या कन्दराओं में जाने की आवश्यकता नहीं। कबीर और नानक की भाँति रविदास भी निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे, परन्तु सगुण भक्ति के प्रति किसी प्रकार का वैरभाव न था। उनकी दृष्टि में परमात्मा ने सबको समान बनाया है। अतः इन्होंने छुआछूत, ऊँच-नीच का विरोध किया। उन्होंने दीन-दलितों और निर्धनों की सेवा में ही ईश्वर के दर्शन किये। देश की अखण्डता और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करते हुए सन्त रविदास ने विक्रम संवत् १५९७ में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ नामक स्थान पर १२६ वर्ष की आयु में देह-त्याग किया। परन्तु उनका यशरूपी शरीर आज तक जीवित है।]

परमोपासकस्य रामानन्दस्य द्वादशशिष्या आसन्निति भण्यते। तेषु शिष्येषु रविदासो लोके रैदास इति संज्ञया ख्यात एकः शिष्यः आसीदित्युच्यते। रविदासस्य जन्म काश्यां माण्डुरनाम्नि (मडुवाडीह) ग्रामे एकसप्तत्युत्तरचतुर्दशशततमे (१४७१ वि०) विक्रमाब्दे माघमासस्य पूर्णिमायान्तिथौ रविवासरेऽभवत्। रविवासरे तस्य जन्म इति हेतोः रविदास इति नाम जातमित्यनुमीयते।

पञ्चदश्यां शताब्दौ भारतीयजनजीवनमतीवक्लेशक्लिष्टमासीत्। यवनशासकैराक्रान्तो देशो, मिथः कलहायमानां भारतीयाः राजानः दुःखदैन्यग्रस्ताः, सर्वथोपेक्षिताः भारतीयजनाः विविधधर्मानुयायिषु प्रवृत्तो विद्वेषः जातिवर्णेषु विभक्तो भारतीयसमाज इति देशदशां दर्शं दर्शं दूयमानहृदयाः तदानीन्तनाः महात्मानः सन्तश्चेश्वरमेव शरणमिति मन्यमाना ईश्वरम्प्रति समर्पिताः सन्तः परमात्मनो व्यापकत्वं तस्य सर्वशक्तिमत्वञ्च बोधयन्ति स्म।

वस्तुतस्तु, तादृशा एव महापुरुषाः 'सन्त' शब्देन भारतीयजनमानसे समादृता अभवन्। ये परदुःखकातराः परहितरताः दुःखिजनसेवापरायणाः दलितान् शोषितान्प्रति सदयाः स्वसुखमविगणयन्तः यदृच्छालाभसन्तुष्टा आसन्।

सत्पुरुषो महात्मा रविदासः स्वकर्मणि निरतः सन् परमात्मनो माहात्म्यमुपवर्णयन् दुःखितान् जनान्प्रति सदयहृदयः कर्मणः प्रतिष्ठां लोकेऽस्थापयत्। धर्मस्य बाह्याचारः एव परस्परवैरस्य हेतुरिति सः विश्वसिति स्म। अतो बाह्याचारान् परिहाय धर्माचरणं

विधेयम्। गङ्गास्नानाच्छरीरशुद्धेरपेक्षया मनसः शुद्धिरावश्यकीति तेनोक्तम्। पूते तु मनसि काष्ठस्थाल्यामेव गङ्गेति तस्योक्तिः प्रसिद्धैवास्ति।

रविदासः कस्याञ्चिदपि पाठशालायां पठितुं न गतोऽतस्तस्य ज्ञानं पुस्तकीयं नासीत्। जगतो नश्वरत्वं परमात्मनोऽनश्वरत्वं व्यापकत्वमित्यादिदार्शनिकं ज्ञानं गुरोरनुकम्पया तेन लब्धं प्रेरणयैव तथाभूतस्य ज्ञानस्योपदेशो जनेभ्यस्तेन दत्तः।

सः तपस्तप्तुं गहनं वनं न जगाम न वा गिरिगुहायामुपविश्य साधनरतः ज्ञानमधिगन्तुं चेष्टते स्म। वीतरागभयक्रोधोऽसौ जगति निवसन्नपि जगतः बन्धनात् पद्मपत्रमिव मुक्तः व्यवहरति स्म। स्वकर्मणि निरतः फलम्प्रति निराकाङ्क्षः स्वगृहेऽपि परमात्मानं साक्षात्कर्तुं शक्यत इति रविदासः प्रत्येति। अतो विभिन्नोपासनास्थलेषु वनेषु रहसि वा ईश्वरानुसन्धानादपेक्षया स्वहृदये एवानुसन्धातुमुचितम्। ईश्वरप्राप्तावहङ्कार एव बाधकोऽस्ति। 'अहमिदं करोमि' ममेदमिति बोधः भ्रमात्मकः। भ्रममपहायैव ईश्वरप्राप्तिः सम्भवा। रविदासः स्वरचिते पद्ये गायति–यदा अहमस्मि तदा त्वं नासि, यदा त्वमसि तदा अहं नास्मि।

रविदासः कबीरदासो नानकदेवप्रभृतयः सन्तो महात्मानः निर्गुणमेवेश्वरं गायन्ति स्म। परन्ते सगुणसम्प्रदायावलम्बिनः प्रति विद्वेषिणो नासन्। तैः रचितेषु पदेषु यत्र-तत्र भक्तिभावस्य तत्त्वमवलोक्यते।

निराकारब्रह्मणः गहनभूते सुविस्तृते साक्षात्कारविचारनभसि विचरन्नपि रविदासः पृथ्वीतले विद्यमानेषु दुःखितेषु, दरिद्रेषु दलितेषु च सुतरां रमते स्म। स दलितेषु, दीनेषु, दरिद्रेष्वेवेश्वरमपश्यत्। तेषां सेवा, तान्प्रति सहानुभूतिः प्रेमप्रदर्शनं चेश्वरार्चनमिति तस्य विचारः। सामाजिकवैषम्यं न वास्तविकं प्रत्युत परमात्मना सर्वे समाना एव रचिताः, सर्वे च तस्येश्वरस्य सन्ततयोऽतः परस्परं बान्धवाः। मनुष्येषु तर्हि मिथः कथं वैरभावः ? इत्थं समत्वस्य बन्धुतायाश्चोपदेशं जनेभ्योऽददात्। जातिवर्णसम्प्रदायादिभेदा अपि मनुष्यरचिता परमात्मन इच्छाप्रतिकूलम्। इत्थं रविदासेन मनुष्यजातौ स्पृश्यास्पृश्यादिदोषाणामुच्चावचभेदानां चातीवतीव्रस्वरेण विरोधः कृतः। हरिं भजति स हरेर्भवति। हरिभजने न कश्चित्पृच्छति जातिं वर्णं वेति सत्यं प्रतिपादयन् देशस्याखण्डतायाः राष्ट्रस्यैक्यस्य च रक्षणे स प्रयातत्। महात्मा रविदासोऽध्यात्म, भक्तिं, सामाजिकाभ्युन्नतिं युगपदेव संसाधयन् सप्तनवत्युत्तरपञ्चदशशततमेविक्रमे राजस्थानप्रान्ते चित्तौड़गढनाम्नि स्थाने षड्विंशत्युत्तरशतमिते वयसि परमात्मनि विलीनः यशःशरीरेणाद्यापि जीवतितराम्।

काठिन्य निवारण

परमोपासकस्य = महान् उपासक। **भण्यते** = कहा जाता है। **संज्ञया** = नाम से। **ख्यातः** = प्रसिद्ध। **इत्यनुमीयते** = ऐसा अनुमान लगाया जाता है। **रविवासरे जातः** = रविवार को पैदा होने के कारण। **दूयमान** = दुःखी। **तादृशा** = वैसे ही। **समादृता** = सम्मानित। **परिहाय** = छोड़कर। **पूते** = पवित्र। **काष्ठस्थाल्यामेव** = कठौती में ही। **नश्वरत्वं** = नाशवान्। **लब्धं** = प्राप्त किया। **गहन** = घने। **गुहायाम्** = गुफा में। **प्रत्येति** = विश्वास करते थे। **विद्वेषिण** = शत्रु। **तान्प्रति** = उनके लिए। **युगपदेव** = एक साथ ही। **वयसि** = आयु में। **इत्थं** = इस प्रकार। **दर्शं दर्शं** = देख-देखकर। **निरतः** = जुटे रहना। **सुतरां** = अत्यन्त। **नासि** = नहीं हो। **अपहाय** = दूर करके। **निराकाङ्क्षः** = इच्छारहित। **रहसि** = एकान्त में। **उच्चावचभेदानाम्** = ऊँच-नीच के भेदों का।

अभ्यास-प्रश्न

१. निम्नलिखित अवतरणों का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए–

(क) यवनशासकैः .....बोधयन्ति स्म।

(ख) रविदासः .....रमते स्म।

(ग) हरिभजने .....जीवतितराम्।

२. प्रस्तुत पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

३. किसने कहा था कि काठ की थाली का साधारण जल गङ्गा-जल के समान होता है?

४. रविदास किसके शिष्य थे?

५. रविदास का जन्म किस दिन हुआ था?

६. रविदास के जन्म के समय भारत में किसका शासन था?

७. रविदास की मृत्यु कहाँ हुई?

८. रविदास किस ब्रह्म के उपासक थे?

९. निम्नांकित शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए–

परमोपासकस्य, सर्वथोपेक्षिताः, महात्मनः, देशस्याखण्डतायाः, आसीदित्युच्यते।

१०. निम्नलिखित शब्दों की सहायता से संस्कृत में वाक्य बनाइए–

तेषु, लोके, नासीत्, वनेषु, यदा, करोमि।

➨ आन्तरिक मूल्यांकन

१. रामानन्द के मुख्य शिष्यों के नाम बताइए।

२. रविदास जी का मानना था कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। इस विषय पर आप अपना मत प्रस्तुत कीजिए।

●●●

चतुर्थः पाठः

आजादः चन्द्रशेखरः

[राष्ट्रहित के लिए सहर्ष अपने प्राणों की बलि देनेवालों में अग्रगण्य चन्द्रशेखर भारत की स्वतन्त्रता के इतिहास में सदा ही उल्लेखनीय एवं स्मरणीय रहेंगे। स्वतन्त्रता रूपी वृक्ष को लगानेवाले प्रातःस्मरणीय वीर हम भारतीयों के द्वारा कभी भी भुलाये नहीं जा सकते। उन्हीं वीरों में मूर्धन्य परमस्वतन्त्र चन्द्रशेखर आजीवन स्वतन्त्र ही रहे। लगातार प्रयत्न करते रहने पर भी अंग्रेज शासक उन्हें लौह शृंखला में नहीं बाँध पाये। चन्द्रशेखर आजाद का जन्म १९०६ ई० में जुलाई महीने की २३ तारीख को मध्य प्रदेश के भाँवरा ग्राम में हुआ। उनके पिता श्री सीताराम अपनी धर्मपत्नी जगरानी के साथ उन्नाव जनपद के बदरका गाँव से आकर यहाँ निवास कर रहे थे। चन्द्रशेखर के पिता का मासिक वेतन आठ रुपये था।

एक बार चन्द्रशेखर ने पिता से पूछे बिना बगीचे से एक फल तोड़ लिया, जिस पर क्रोधित होकर सीताराम ने अपने प्रिय पुत्र को ग्यारह वर्ष की अवस्था में ही घर से निकाल दिया, क्योंकि पिता के कहने पर भी उन्होंने माली से क्षमा नहीं माँगी। घर से निकलकर वह दो वर्षों तक इधर-उधर भटकते रहे। अन्त में सौभाग्य से किसी प्रकार वाराणसी पहुँचे और वहाँ एक संस्कृत पाठशाला में अध्ययन किया। एक बार एक दुष्ट युवक को एक स्त्री के साथ अभद्र व्यवहार करने के लिए बलपूर्वक पकड़कर तब तक मारा जब तक उस युवक ने महिला को बहन नहीं कहा। इस घटना से प्रसिद्ध हुए चन्द्रशेखर से प्रभावित होकर आचार्य नरेन्द्रदेव ने काशीविद्यापीठ में उनके पढ़ने की व्यवस्था करा दी। जब विद्यापीठ के छात्र असहयोग आन्दोलन में सम्मिलित हुए, तब उनके साथ ही आजाद भी हाथों में तिरंगा लेकर स्वतन्त्रता-आन्दोलन में सक्रिय हो गये। अंग्रेज शासकों द्वारा गिरफ्तार करके जब न्यायाधीश के सम्मुख लाये गये तो अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वाधीन और कारागार को ही अपना घर बताया। इस कारण उन्हें कोड़ों की मार खानी पड़ी। तभी उन्होंने जयजयकार करते हुए ब्रिटिश साम्राज्य को समूल नष्ट करने का मन में संकल्प लिया। प्रणवेश चटर्जी और मन्मथनाथ गुप्त ने उनकी निष्ठा देखकर उन्हें क्रान्तिकारी दल का सदस्य बना दिया। उस समय दल के नेता रामप्रसाद बिस्मिल थे। कुछ ही समय में आजाद केन्द्रीय क्रान्तिकारी दल के सदस्य बना दिये गये। गोली का अचूक निशाना लगानेवाले आजाद ने १९२५ में ९ अगस्त को हुए काकोरी काण्ड में सक्रिय भाग लिया। १९२९ में अप्रैल महीने की आठ तारीख को आजाद के परामर्श से ही सरदार भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने विधानसभा भवन में बम विस्फोट किया। कानपुर नगर के वीरभद्र त्रिपाठी ने विश्वासघात किया जो आजाद के लिए बहुत अनिष्टकारी सिद्ध हुआ। सन् १९३१ में फरवरी मास की २७ तारीख को प्रातः नौ बजे आजाद प्रयाग के अल्फ्रेड नामक उद्यान में पेड़ के नीचे यशपाल और सुखदेव से बातें करते हुए बैठे थे। आजाद सुखदेव के साथ बात कर ही रहे थे तभी जाते हुए वीरभद्र को देखकर यशपाल भी उठकर चले गये। तभी आरक्षकों ने आकर चारों ओर से उन्हें घेर लिया। अपने साथी को किसी प्रकार उद्यान से बाहर निकालकर आजाद ने पिस्तौल निकाल ली। जब उनकी पिस्तौल में केवल एक गोली ही बची तो उन्होंने स्वयं को मार लिया। इस प्रकार आजाद का शरीर तो चला गया, परन्तु यश रूपी शरीर से वह सदा जीवित रहेंगे। ऐसे देशभक्त सदा जन्म नहीं

लेते। वह भारतभूमि धन्य है जहाँ ऐसे आत्मबलिदानी ने जन्म लेकर उसे अपने रक्त से सींचा। स्वतन्त्रता प्राप्त करने का इच्छुक, क्रान्तिकारी, दृढ़निश्चयवाला यह चन्द्रशेखर आजाद आत्म-बलिदान करने के कारण अमर हो गया।]

राष्ट्रहितेऽनुरक्तानामात्मबलिं कर्तुम् सहर्षमुद्यतानाम् अग्रगण्यः चन्द्रशेखरः भारतस्य स्वातन्त्र्येतिहासेऽसौ सततमुल्लेखनीयः स्मरणीयश्च। स्वतन्त्रतायाः मधुरं फलं भुञ्जानाः वयमधुना प्रकामं मोदामहे। तद् वृक्षारोपकास्तु तं एवात्मबलिदायकास्तादृशाः वीराः एवासन्। प्रातः स्मरणीयास्ते वीराः कदापि भारतीयैरस्माभिः नैव विस्मर्तुं शक्यन्ते। तेषां विस्मृतिस्तु महती कृतघ्नता स्यात्। तेष्वेव वीरेषु मूर्धन्यः परमस्वतन्त्रश्चन्द्रशेखरः आजीवनं स्वतन्त्र एवासीत्। सततं प्रयतमानैरपि आरक्षकैः तत्करे लौहशृंखला न पिनद्धा। मातृभूमिपरिचारकः राणाप्रताप इव असावपि आत्मबलिदायको वीरः रक्तस्नातोऽपि स्वतन्त्र एव परिभ्रमन् प्राणानत्यजत्। जीवितः स तैः कथमपि न गृहीतः। देशभक्तानामादर्शभूतस्य चन्द्रशेखरस्य जन्म षडधिकैकोनविंशतिशततमे (१९०६) खिष्टाब्दे जुलाईमासस्य त्रयोविंशतितमायां तारिकायां मध्यप्रदेशस्य भाँवरा ग्रामेऽभवत्। तस्य जनकः श्री सीतारामः स्वीयया धर्मपत्न्या जगरानी नामधेयया सह उन्नावजनपदस्य बदरकाग्रामात् गत्वा तत्रैव न्यवसत्। सः तत्र 'अल्लीराजपुरराज्ये' वृत्यर्थं कार्यमकार्षीत्। अष्टमुद्रात्मकं मासिकं वेतनञ्चालभत।

एकदा चन्द्रशेखरः तस्यैवोद्यानस्य फलमेकं पितरमपृष्ट्वैव अत्रोटयत्। क्रोधाविष्टस्तज्जनकः सीतारामः प्रियं सुतमेकादशवर्षदेशीयं चन्द्रशेखरं गृहान्निस्सारयामास। क्रोधाविष्टः जनकः अवोचत्, गत्वा मालाकारं क्षमां याचस्व, परं स एवं कर्तुं नोद्यतः। गृहान्निर्गत्य वर्षद्वयमितस्ततः सः प्रतिनगरं भ्रामं-भ्रामं घोरं श्रमं कृत्वा जीविकां निरवहत्। दैववशात् सः बालकः वाराणसीमुपगम्य कस्याञ्चित् संस्कृतपाठशालायाम् संस्कृताध्ययनमकरोत्।

एकदा कोऽपि दुष्टो युवा कामप्येकां भद्रयुवतीं पीडयन् चन्द्रशेखरेण बलात् गृहीतः। तं धराशायिनं कृत्वा तस्योरसि उपविष्टश्च, चन्द्रशेखरः तं तावन्नमुमोच यावत् सः चञ्चलो दुष्टः धृष्टः निर्लज्जो युवा तां युवतिं भगिनिकेति नाकथयत् क्षमायाच्ञाञ्च नाकरोत्। अनया घटनया चन्द्रशेखरस्य महती ख्यातिः जाता। आचार्यनरेन्द्रदेवस्तेन प्रभावितः काशीविद्यापीठे तस्याध्ययनव्यवस्थां कृतवान्। यदा विद्यापीठस्यानेके छात्राः असहयोगान्दोलने सम्मिलिताः जाताः तदाजादोऽपि तत्र सम्मिलितः त्रिवर्णं ध्वजमादाय 'जयतु महात्मा गान्धी', 'जयतु भारतमाता' इति घोषयन् न्यायाधीशस्य सम्मुखमानीतः। तदा स स्वकीयं नाम 'आजाद' इति पितृर्नाम 'स्वाधीन' इति गृहञ्च कारागारमवोचत्, तदा क्रुद्धो न्यायाधीशः तस्मै पञ्चदशकशाघातदण्डमददात्। तदापि सः 'जयजय' कारं कृत्वा मनसि ब्रिटिशसाम्राज्यमुन्मूलयितुं संकल्पमकरोत्। कशाघातेन पीड्यमानोऽपि सः निश्चल एवासीत्। ततः बहिरागत्य सः जनैरभिनन्दितः द्वाविंशत्यधिकैकोनविंशतिशततमे (१९२२) वर्षे यदा महात्मना गान्धिमहोदयेनान्दोलनम् निवारितं तदाजादो दुःखितो जातः यतोऽहिंस्रकान्दोलने तस्य निष्ठा नासीत्।

दैवादाजादस्य परिचयः क्रान्तिकारिणा प्रणवेशचटर्जीमहोदयेन सह संजातः। अनेन प्रसिद्धक्रान्तिकारिणा मन्मथनाथगुप्तेन साकं तस्य परिचयः कारितः। आजादस्य सत्यनिष्ठामवलोक्य मन्मथनाथगुप्तः क्रान्तिकारिदलस्य सदस्यं तमकरोत्। तदानीं क्रान्तिकारिदलस्य नेता अमरबलिदायी रामप्रसादविस्मिलः आसीत्। अल्पीयसैव समयेन आजादः केन्द्रियक्रान्तिकारिदलस्य सदस्यो जातः। गुलिकाचालने लक्ष्यभेदने च तेन महत् कौशलमवाप्तम्। अतः सः तस्मिन् दले अतीव समादृतः आसीत्। पञ्चविंशत्यधिकैकोनविंशतिशततमे (१९२५) वर्षे अगस्तमासस्य नवम्यां तारिकायां जायमाने काकोरीकाण्डे आजादेन सक्रियभागो गृहीतः। तस्मिन्नवसरे आजादं विहाय अन्ये बहवः सहयोगिनः निगडिताः शूलमारोपिताश्च। तदानीं परमदुःखितोऽपि आजादः क्रान्तेर्विरतो न जातः, प्रत्युत क्रान्तिकारिसेनायाः नायको जातः।

तेनानेकानि कार्याणि कृतानि, अनेकेऽधिकारिण: आरक्षिणश्च हता:। लालालाजपतरायस्य हन्ता आरक्षिप्रधान: 'साण्डर्स' नामधेयोऽपि आजादेन निहत:।

एकोनत्रिंशदधिकैकोनविंशतिशततमे (१९२९) वर्षे अप्रैलमासस्य अष्टम्यां तारिकायाम् आजादस्य परामर्शेनैव सरदारभगतसिंह: बटुकेश्वरदत्तश्च विधानसभाभवने बमविस्फोटमकुरुताम्। तस्मिन् समये चन्द्रशेखरोऽपि विधानसभाभवनाद् बहि: मोटरयानमादायोपस्थित: आसीत्। परं भगतसिंह: बटुकेश्वरदत्तश्च विधानसभाभवने एव आत्मसमर्पणं कृतवन्तौ। पश्चात् तौ द्वावपि शूलमारोपितौ। एवम् आजादस्य अनेके सहयोगिन: भगवतीचरणसालिकरामप्रभृतयो मृता:। अत: आजादश्चन्द्रशेखरो नितरां खिन्नो जात:, केन्द्रियक्रान्तिकारिदलस्य सदस्ययो: यशपालवीरभद्रयो: संदिग्धाचरणेन तु आजादो विक्षुब्धोऽभवत्। यदा दलस्य सदस्या: एव विश्वासघातिनो जाता: तदा तस्य दु:खानुभूति: स्वाभाविकी एव आसीत्। तदापि स: स्वमार्गात् विचलितो न जात:। कर्णपुरस्य वीरभद्रत्रिपाठिन: विश्वासघात एव आजादस्य कृतेऽनिष्टकारको जात:।

एकत्रिंशदधिकैकोनविंशतिशततमे (१९३१) वर्षे फरवरीमासस्य सप्तविंशतितमायां तारिकायां प्रात: नववादने प्रयागस्य अल्फ्रेड नाम्नि उद्याने एकस्य वृक्षस्याधश्छायायाम् आजाद: यशपालेन सुखदेवेन च समं वार्त्तालापं कुर्वन् उपविष्ट: आसीत्। तस्मिन्नेव समये गच्छन् वीरभद्रत्रिपाठी दृष्ट: यशपालोऽपि उत्थाय चलित:, आजाद: सुखदेवराजेन सह वार्त्तालापं कुर्वन्नेवासीत्। तदा आरक्षिण: आगत्य परितोऽवरुद्धवन्तस्तम्।

स्वकीयं सहयोगिनं कथञ्चित्तत: उद्यानात् नि:सार्य आजाद: पेस्तौलअस्त्रं संसाधितवान्। तदा विपक्षत: गुलिकावृष्टि: जाता। विपक्षत: आरक्षिणां गुलिकावृष्टिं दर्शं-दर्शं आजादस्य मन: आकुलं नाभूत्। आजादोऽपि स्वकीयेनास्त्रेणानेकान् विमुग्धान् आहतांश्चाकरोत्। यदास्त्रे एका गुलिकावशिष्टा आसीत् तदा तया स्वमेवाहन्। एवमाजादश्चन्द्रशेखरो यश:शरीरेणामरतामभजत्।

एवं विधा: अमरबलिदायिनो देशाभिमानिनो देशसंरक्षका: क्रान्तिकारिणो नवयुवान: प्रतिदिनं नोत्पद्यन्ते। तेषां जन्म युगे कदाचिदेव जायते। यतश्च एतादृशा: अमरयुवान: युगान्तरमुपस्थापयितुमेवोत्पद्यन्ते। एतेषामावश्यकतापि क्वाचित्की कदाचित्की एव भवति। एवं विधा: आजादस्य चन्द्रशेखरस्य द्रष्टार: साक्षात्कर्तार: अद्यापि जीवन्ति ये आत्मानं पावनं मन्यन्ते। भारतभूरपि धन्यैव यत्र एतादृशा आत्मबलिदायिनो शूरा: स्वकीयेन जन्मना भूमिं पावनां कृतवन्त:, शोणितेन सिञ्चितवन्तश्च।

स्वातन्त्र्यमाप्तुकामोऽयं क्रान्तिकारी दृढव्रत:।
जातोऽमरो बलेर्दानादाजादश्चन्द्रशेखर:।।

काठिन्य निवारण

राष्ट्रहिते = राष्ट्र के हित में। **अनुरक्तानाम्** = संलग्न रहनेवाले। **उद्यतानाम्** = तैयार रहनेवाले। **अग्रगण्य** = आगे रहनेवाले। **भुञ्जाना:** = भोग करते हुए। **प्रकामं** = अत्यधिक। **मूर्धन्य:** = सर्वश्रेष्ठ। **आरक्षकै:** = सिपाहियों द्वारा। **पिनद्धा** = पहनायी गयी। **वृत्यर्थं** = नौकरी के लिए। **निस्सारयामास** = निकाल दिया। **अवोचत्** = कहा। **याचस्व** = माँगो। **बलात्** = जबरदस्ती। **उरसि** = छाती पर। **कशाघातदण्डम्** = कोड़े मारने का दण्ड। **संजात:** = हुआ। **साकं** = साथ। **कर्णपुरस्य** = कानुपर के। **अध:** = नीचे। **परित:** = चारों ओर से। **अवरुद्ध=** घेर लिया। **नि:सार्य** = निकालकर।

शोणितेन = खून से। **सिञ्चितवन्तः** = सींचा। **अकार्षीत्** = किया। **अल्पीयसी** = अत्यन्त अल्प। **निगडिताः** = बेड़ियों से जकड़े हुए। **शूलमारोपिता** = सूली पर चढ़ा दिये गये। **स्वमेवाहन्** = अपने आपको ही मार डाला। **क्वाचित्की** = कहीं। **कदाचित्की** = कभी। **संसाधितवान्** = निशाना साधा (लगाया)। **उपस्थापयितुम्** = उपस्थित करने के लिए। **आत्मबलिदायिनो** = अपने आपको बलिदान करनेवाले।

अभ्यास-प्रश्न

१. निम्नलिखित अवतरणों का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए–

(क) एकदा चन्द्रशेखरः ..... संस्कृताध्ययनमकरोत्।

(ख) दैवादाजादस्य ..... सदस्यो जातः।

(ग) एवं विधा ..... मन्यन्ते।

२. 'आजादः चन्द्रशेखरः' पाठ का सारांश लिखिए।

३. चन्द्रशेखर को क्रान्तिकारी दल का सदस्य किसने बनाया था?

४. चन्द्रशेखर का जन्म कहाँ हुआ था?

५. चन्द्रशेखर के पिता का क्या नाम था?

६. न्यायाधीश को चन्द्रशेखर ने अपना घर कहाँ बताया?

७. आजाद की मृत्यु किस पार्क में हुई?

८. किसके परामर्श से भगत सिंह ने विधान सभा भवन में बम विस्फोट किया था?

९. चन्द्रशेखर के प्रारम्भिक जीवन के बारे में क्या जानते हैं?

१०. काशी विद्यापीठ में आजाद की पढ़ाई की व्यवस्था कैसे हुई?

➨ आन्तरिक मूल्यांकन

देश के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की एक सूची बनाने का प्रयास करें।

●●●

पञ्चमः पाठः

भारतवर्षम्

[अतिप्राचीन काल में हमारे देश में भरत नाम के चार महापुरुष हुए। एक दशरथ पुत्र मर्यादा पुरुषोत्तम राम के छोटे भाई भरत, दूसरे हस्तिनापुर के राजा पुरुवंशीय दुष्यन्त एवं शकुन्तला के पुत्र भरत, तीसरे नाट्यशास्त्र के प्रणेता भरतमुनि और चौथे श्रीमद्भागवत में वर्णित ब्रह्मस्वरूप जड़ भरत। भागवत में कहा गया है कि जड़ भरत अज नाभि से उत्पन्न भरत हैं, जिनके नाम पर देश को भारत कहा गया। बाद में सिन्धु नदी की संज्ञा का अनुसरण करते हुए तुर्कों ने यहाँ के वासियों को हिन्दू और देश को हिन्दुस्थान नाम दिया। इसी प्रकार यूरोपीय तथा अन्य लोगों ने 'इण्डिया' नाम दिया।

इसके उत्तर दिशा में हिमालय नाम का पर्वत है जिसे पर्वतों का राजा कहा जाता है। विश्व में सबसे ऊँचे इस नगाधिराज की चोटियाँ सदा बर्फ से ढकी रहती हैं। इसी कारण इसे हिमालय कहा गया है। हिमाच्छादित यह पर्वत विधाता के द्वारा भारत के शीर्ष पर मुकुट के समान स्थापित किया गया है। इसकी घाटियों में दूर तक फैले घने जंगल उस मुकुट में जड़ित मरकत मणि की पंक्ति के समान सुशोभित होते हैं। दीर्घ काल से यह हिमालय प्रहरी के समान खड़ा होकर देश की सीमाओं की रक्षा कर रहा है।

